प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "मैस के बँधे मासिक खर्च से किसी की जीभ का रहस्य नहीं खुलता। रहस्य खुलता है फुटकर जलपानों से। आदमी अपने फुटकर और निष्प्रयोजन, योजना - हीन आकस्मिक व्यय से पहचाना जाता है।"

अथवा

"लोग इस अस्पताल में तभी जाते हैं जब उन्हें मरना होता है। वसीयत लिखवा दी जाती है, कफ़न खरीद लिया जाता है और इस सबके बाद सबकी गलतियाँ अंतिम बार माफ़ करता हुआ बेचारा बीमार आदमी इस अस्पताल में भर्ती होने चला जाता है।"

(ख) "दुहाई गरीबों की सब देते, पर उनके हित की बात कोई नहीं सोचता। जनता को बाँट कर रखो.... कभी जात की दीवारें खींचकर, तो कभी वर्ग की दीवारें खींचकर। जनता का बँटा – बिखरापन ही तो स्वार्थी राजनेताओं की शक्ति का स्त्रोत है।"

अथवा

"पुलिस और कानून के हाथ बहुत लम्बे होते हैं और आँख काफी तेज। न देखे तो हाथी तक को न देखे, पर उतर आयें तो फिर चींटी भी नहीं बच सकती। न नजर से, न गिरफ्त से।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) स्वामी दयानंद के सम्पूर्ण जीवन - चरित पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'जमनोत्री की यात्रा' निबंध में वर्णित प्रकृति चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए।

(छ) 'महाभोज' उपन्यास की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'महाभोज' उपन्यास के माध्यम से सुकुल बाबू के व्यक्तित्व में आज के नेताओं की सारी विशेषताएँ हैं। इस कथन पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखिए:- (१५)

(ट) 'मेहमान' कहानी के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवार की दशा का चित्रण कीजिए।

अथवा

(ठ) 'महाभोज' उपन्यास के माध्यम से वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

पीछे देखिए....

OP3AAK

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(त) 'गपशप' निबंध का व्यंग्य।

अथवा

सरकारी अस्पताल के डॉक्टर।

(थ) दत्ता बाबू और उनका मशाल।

अथवा

'महाभोज' उपन्यास का बिन्दा।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- (१०)

१) 'स्वामी दयानंद' ने किस समाज की स्थापना की?

२) 'गपशप' निबंध के अनुसार बेकार की बातों से क्या खुलता है?

३) लेखक विष्णु प्रभाकर कहाँ की यात्रा पर गये थे?

४) मरीज सरकारी अस्पताल में कब जाते थे?

५) 'मेहमान' कहानी की पत्नी का नाम लिखिए।

६) 'महाभोज' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

७) 'महाभोज' उपन्यास के केंद्र में किसके मौत की घटना है?

८) जोरावर किस समाज का प्रतिनिधित्व करता है?

९) हरिजनों का क्या गुनाह था?

१०) दा साहब किस विचारधारा से प्रेरित हैं?

****